माँ तेरे प्यार पे है हक मेरा

माँ तेरे प्यार पे है हक मेरा,
ला देदे मुझको गुड लक मेरा
माँ तेरे प्यार पे है हक मेरा,

मैं तेरा बेटा तू मेरी माता जग जाहिर है अपना नाता ,
खोले मेरी किस्मत का ताता
कर कर सजदे घिस गया माथा,
रोज करू तेरा जगराता कुछ तो मान रख मेरा
माँ तेरे प्यार पे है हक मेरा,

कल कल में कई साल गुजारे और न दे माँ मुझको लारे,
मैंने कब मांगे सुख सारे
क्या करने है चाँद सितारे,
आस ये लाया तेरे द्वारे हाथ हो मुझपर तेरा
माँ तेरे प्यार पे है हक मेरा,

बात मेरी माँ बात है तेरी
जीत भी तेरी मात भी तेरी,
मैं जागु पर रात भी तेरी
मैं मांगू खैरात भी तेरी,
प्रीत है मेरे साथ भी तेरी दूर माँ कर शक मेरा
माँ तेरे प्यार पे है हक मेरा,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18363/title/maa-tere-pyaar-pe-hai-hak-mera

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |